# समाचार

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना

## निःशक्तजनों को कराई जाएगी उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर तीर्थ की यात्रा

## (निगम को मिला 04 हितग्राहियों का लक्ष्य, 10 नवम्बर तक प्रस्तुत किये जा सकेंगे आवेदन )

कोरबा 06 नवम्बर 2015 –छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत आगामी 01 दिसम्बर से 04 दिसम्बर 2015 तक निःशक्तजन वरिष्ठजनों को उज्जैन, ओंकारेश्वर तथा महेश्वर तीर्थ की यात्रा कराई जाएगी। नगर पालिक निगम कोरबा को इस यात्रा हेतु 04 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा यात्रा हेतु 10 नवम्बर 2015 तक निगम कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये जा सकेगे।

निगम के समाज कल्याण अधिकारी डॉ. शिरीन लाखे ने बताया कि 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के निःशक्तजनों को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर तीर्थ की यात्रा कराए जाने का कार्यक्रम प्राप्त हुआ है, यह यात्रा 01 दिसम्बर 2015 से 04 दिसम्बर 2015 के मध्य कराई जाएगी। उन्होने बताया कि निगम को इस यात्रा हेतु 04 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा इस हेतु 10 नवम्बर 2015 तक आवेदन प्रस्तुत किये जा सकेगें। उन्होने बताया कि यात्रा हेतु पात्र होने के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का हो, केवल 65 की आयु के ऐसे आवेदक जो यात्रा पर अकेले जा रहे है को ही सहायक ले जाने की पात्रता है, जिसकी उम्र 21–50वर्ष के मध्य होगीए वं पति–पत्नी के साथ यात्रा करने पर सहायक की आवश्यकता नही होगी, इस योजना के अंतर्गत पूर्व में यात्रा न की हो, यात्रा हेतु शरीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम हो और किसी संक्रामक रोग यथा टी.बी. कांजेस्टिव कार्डियक, श्वास में अवरोध संबंधी बीमारी, Coronary अपर्याप्तता,Coronary Thormbosis, मानसिक व्याधि, संक्रामक कुष्ठ आदि से ग्रसित न हो, वर्तमान एवं भूतपूर्व शासकीय सेवक इस योजना के पात्र नहीं होगे, योजना के तहत आवेदक केवल एक ही बार यात्रा के लिये पात्र होगे, इच्छुक व पात्र आवेदक पार्षद प्रमाण पत्र सहित निगम कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के पूर्व अपना आवेदन जमा करा सकते हैं। तत्संबंध में अधिक जानकारी के लिए निगम के समाज कल्याण विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)